स्वच्छ सर्वेक्षण 2022: गाज़ियाबाद को मिला प्रदेश में पहला और देश में 12वाँ स्थान

चर्चा में क्यों?

1 अक्टूबर, 2022 को जारी स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की रैंकिंग में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ को पीछे छोड़ गाज़ियाबाद ने प्रदेश में पहला और देश में 12वाँ स्थान प्राप्त किया है।

प्रमुख बिंदु

- यह गाज़ियाबाद की अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। इससे पहले वर्ष 2021 में उत्तर प्रदेश में गाज़ियाबाद दूसरे नंबर पर और देश में 18वें नंबर पर रहा था। 16 लाख से अधिक आबादी वाले गाज़ियाबाद को थ्री स्टार रेटिंग मिली है और ओडीएफ प्लस घोषित किया गया है।
- 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में गाज़ियाबाद के बाद मेरठ, प्रयागराज, लखनऊ, वाराणसी, आगरा और कानपुर का नंबर है।
- देश के शीर्ष 15 स्वच्छ शहरों में उत्तर प्रदेश के 75 ज़िलों में सिर्फ गाज़ियाबाद और मेरठ शामिल हैं। गाज़ियाबाद 12वें और मेरठ 15वें नंबर पर है। वहीं पहले नंबर पर इंदौर रहा।
- इसी तरह एक लाख से 10 लाख की आबादी वाले शहर में नोएडा देश में पाँचवे और प्रदेश में पहले नंबर पर है। प्रदेश में अलीगढ़ दूसरे, मथुरा तीसरे, फिरोज़ाबाद चौथे और गोंडा पाँचवे स्थान पर है। एक लाख से 10 लाख की कैटगरी वाले शहरों में नोएडा, अलीगढ़ और मथुरा के अलावा कोई भी शहर टॉप 100 में जगह नहीं बना पाया है।
- ओवरऑल रैंकिंग में उत्तर प्रदेश की स्थिति पिछिले वर्ष की तुलना में बिगड़ी है। 2021 के सर्वेक्षण में यूपी का स्थान छठा था, जबकि 2022 के सर्वेक्षण में उत्तर प्रदेश का स्थान 10वाँ आया है।
- एक लाख से कम आबादी वाले शहरों में बिजनौर को सर्वश्रेष्ठ गंगा शहर में पहला स्थान मिला, वहीं एक लाख से अधिक आबादी वाले गंगा शहरों में वाराणसी को दूसरा स्थान मिला।
- बेस्ट सिटी फॉर इनोवेशन एंड बेस्ट प्रैक्टिसिज में लखनऊ कैंटोनमेंट बोर्ड को चुना गया है।
- प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने बताया कि प्रदेश को इस वर्ष कुल 13 पुरस्कार हासिल हुए हैं। इनमें तीन नगर निगम, चार नगर पालिका परिषद और तीन नगर पंचायतें हैं। इनमें नगर निगम लखनऊ, कानपुर नगर और मेरठ शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/swachh-survekshan-2022-ghaziabad-got-first-place-in-the-state-and-12th-in-the-country